केन्द्रीय विद्यालय लख़नपुर
बसोहली रोड (ज. एवं क.) पिन- 184152
दूरभाष :01922-285123
E-mail: lakhanpurkv@gmail.com

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Kendriya Vidyalaya Lakhanpur
Basohli Road(J.& K.) 184152
Tel: 01922-285123
E-mail: lakhanpurkv@gmail.com

Contractual Teachers Advertisement

केन्द्रीय विद्यालय लखनपुर में निम्नलिखित पदों के लिए पूर्णतः अंशकालीन संविदा आधार पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 में संभावित रिक्तियों के लिए तथा सामान्य नियुक्ति हेतु पैनल बनाया जाना है। 18 से 65 आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी कक्षा 10वीं की अंकसूची, आवश्यक योग्यतानुसार मूल प्रमाण-पत्र, उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर निम्नांकित पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है-

क्रम सं.	पद का नाम	आवश्यक योग्यता	वांछनीय योग्यता
1.	स्नातकोत्तर शिक्षक (पी.जी.टी.) भोतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर, अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल	संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं बी.एड. तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
2.	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत	संबंधित विषय में मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक, बी.एड. तथा केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण। हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
3.	प्राथमिक शिक्षक (पी.आर.टी.)	हायरसेकेण्डरी/इंटरमीडियट या समकक्ष न्यूनतम 50% अंकों के साथ, डी.एड./डी.एल.एड./बी.टी.सी./जे.बी.टी तथा केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण। हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
4.	संगीत प्रशिक्षक	हायरसेकेण्डरी/इंटरमीडियट या समकक्ष न्यूनतम 50% अंकों के साथ तथा संगीत में स्नातक उपाधि या समकक्ष विशिष्टता (specialization) प्रमाण के साथ।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
5.	क्रीड़ा प्रशिक्षक(कबड्डी, खो-खो)/योग/Art and Craft/	संबंधित खेल में एन.आई.एस. डिप्लोमा या समकक्ष/ शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि या समकक्ष एवं संबंधित खेल में विशिष्टता (specialization) डिप्लोमा अथवा प्रमाण-पत्र। योग-शिक्षण में डिप्लोमा अथवा उपाधि।हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में प्रशिक्षण की प्रवीणता।	कम्प्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान
6.	स्टाफ नर्स	नर्सिंग में डिप्लोमा या समकक्ष	प्राथमिक चिकित्सा/ आपात्कालीन उपचार एवं बेसिक लाईफ स्पोर्ट का व्यवहारिक ज्ञान।
7.	कम्प्यूटर इन्स्ट्रक्टर	बी.ई./बी.टैक./बी.एस.सी/एम.एस.सी (कम्प्यूटर (विज्ञान) / एम.एस.सी (आई.टी.) /बी.सी.ए./एम.सी.ए. अथवा स्नातक (विज्ञान) /स्नातकोत्तर किसी भी विषय में एवं पी.जी.डी.सी.ए./DOEACC से 'A' or 'O' level तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन में प्रवीणता।	-------------------------------------

नोट:- 1.) परीक्षा/ साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि आवश्यक अर्हता-धारित हों। अनर्ह अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा।

2.) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) एवं प्राथमिक शिक्षक (पी.आर.टी.) पदों हेतु केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) अनुत्तीर्ण/अनर्ह अभ्यर्थी भी चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उपयुक्त केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के अभाव में उनके चयन पर विचार किया जा सकता है।

3.) आवश्यकता पड़ने पर ही सूचीबद्ध पैनल के अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा।

4.) साक्षात्कार/परीक्षा हेतु आने जाने का व्यय उम्मीद्वार को स्वयं वहन करना होगा।

5.) अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना चालू संपर्क दूरभाष नं. तथा e-mail Id. अवश्य लिखें। साक्षात्कार/परीक्षा की तिथि की जानकारी प्राप्त करना अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है। इसमें विद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

6.) अभ्यर्थी साक्षात्कार/परीक्षा की तिथि एवं अन्य अद्यतन जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट www.lakhanpur.kvs.ac.in का अवलोकन करते रहें।

7) अभ्यर्थी को अपना आवेदन सभी प्रपत्रों सहित विद्यालय में जमा कराना होगा ।

(राजेश द्विवेदी)
प्राचार्य